पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

**डॉ. अम्बेडकर इण्टरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में 22 सितम्बर, 2026 को आयोजित 'राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार समारोह' में प्रदेश की 08 सहकारी चीनी मिलों को राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लि., (NFCSF) नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया गया उत्कृष्ट दक्षता पुरस्कार से सम्मानित**

**वर्ष 2024–25 में दि किसान सहकारी चीनी मिल, स्नेह रोड नजीबाबाद (बिजनौर) को सर्वश्रेष्ठ सहकारी चीनी मिल का पुरस्कार, सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां (लखीमपुर खीरी) को गन्ना विकास के क्षेत्र में, दि किसान सहकारी चीनी मिल, गजरौला (अमरोहा) को चीनी परता एवं बागपत को–ऑपरेटिव शुगर मिल्स लिमिटेड, बागपत को वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित**

**वर्ष 2025–26 में दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल, मोरना (मुजफ्फरनगर) को गन्ना विकास के क्षेत्र में, रमाला सहकारी चीनी मिल, रमाला (बागपत) को तकनीकी दक्षता, दि किसान सहकारी चीनी मिल, सठियांव (आजमगढ़) को तकनीकी दक्षता एवं दि किसान सहकारी चीनी मिल, पुवायां (शाहजहांपुर) को वित्तीय प्रबंधन हेतु उत्कृष्ट दक्षता पुरस्कार से नवाजा गया**

लखनऊ : 25 सितंबर, 2026

प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सहकारी चीनी उद्योग को मजबूती प्रदान करने सम्बन्धी आदेशों के क्रम में मा. मंत्री चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी के निर्देशों के क्रम में शासन द्वारा सहकारी चीनी मिलों के प्रबन्धन में सुधार कर उनकी कार्यक्षमता में सुधार एवं आधुनिकीकरण की प्रक्रिया लगातार गतिमान है। शासन के कुशल मार्गदर्शन एवं लगातार की जा रही साप्ताहिक समीक्षा से प्रदेश की सहकारी चीनी मिलों की कार्यप्रणाली में बेहतर प्रबंधन के कारण निरन्तर सुधार परिलक्षित हो रहा है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश की 08 सहकारी चीनी मिलों को राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लि.,(NFCSF) नई दिल्ली द्वारा डॉ. अम्बेडकर इण्टर नेशनल सेंटर, नई दिल्ली में 22 सितम्बर, 2026 को आयोजित 'राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार समारोह' में सर्वश्रेष्ठ दक्षता पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लि.,(NFCSF) नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर देश की सहकारी चीनी मिलों को गन्ना विकास, तकनीकी दक्षता, वित्तीय प्रबंधन और समग्र प्रदर्शन जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं विशिष्ट योगदान हेतु दक्षता पुरस्कार प्रत्येक वर्ष दिये जाते हैं, जिससे सहकारी क्षेत्र की चीनी मिलों की कार्यक्षमता एवं दक्षता में सुधार के साथ–साथ वृद्धि हो सके। वर्ष 2024–25 के लिए घोषित पुरस्कारों में

प्रदेश की दि किसान सहकारी चीनी मिल, स्नेह रोड, नजीबाबाद (बिजनौर) को सभी मानकों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ सहकारी चीनी मिल का प्रतिष्ठित पुरस्कार, सरजू सहकारी चीनी मिल, बेलरायां (लखीमपुर खीरी) को गन्ना विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु, दि किसान सहकारी चीनी मिल, गजरौला (अमरोहा) को चीनी परता (शुगर रिकवरी) में सुधार हेतु एवं बागपत को–ऑपरेटिव शुगर मिल्स लिमिटेड, बागपत को वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कार प्रदान किया गया है।

वर्ष 2025–26 हेतु घोषित पुरस्कारों में भी प्रदेश की चार अन्य सहकारी चीनी मिलों ने अपना परचम लहराया है। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल, मोरना (मुजफ्फरनगर) को गन्ना विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु, रमाला सहकारी चीनी मिल, रमाला (बागपत) को उल्लेखनीय तकनीकी दक्षता प्राप्त करने हेतु, पूर्वी उत्तर प्रदेश की दि किसान सहकारी चीनी मिल, सठियांव (आजमगढ़) को भी उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता प्राप्त करने हेतु तथा मध्य उत्तर प्रदेश की दि किसान सहकारी चीनी मिल, पुवायां (शाहजहांपुर) को उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार से नवाजा गया है।

उत्तर प्रदेश शासन ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की विजेता सभी 08 सहकारी चीनी मिलों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रदेश की अन्य सभी सहकारी चीनी मिलों से अपेक्षा की है कि वे भी प्रयत्नशील रहकर आगामी वर्षों में राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान समारोह में अपना नाम अवश्य दर्ज करायेंगें।

---

**सम्पर्क सूत्र– अमित शुक्ला**

राम यतन/03:20 PM

---

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in